आकाशवाणी
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 30.10.2024 समय : 0210pm

प्रधानमंत्री–जन आरोग्य योजना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन–आरोग्य योजना में विशेष व्यवस्था करते हुए 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को 5 लाख तक की चिकित्सा सुविधा प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। श्री मोदी ने कहा कि 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक इस योजना के अंतर्गत आयुष्मान वंदना कार्ड के माध्यम से चिकित्सा लाभ प्राप्त कर सकते है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह कार्ड सबके लिए है, जिसमें आय के आधार पर गरीब, मध्यम तथा उच्च वर्ग के लोगों के बीच कोई भेदभाव नहीं है।

प्रदेश स्थापना दिवस
मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में मध्यप्रदेंश के 69वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह का शुभारंभ राष्टीय ध्वज फहराकर किया। मुख्यमंत्री ने यहां सेना द्वारा लगाई गई अत्याधुनिक टैंक और हथियारों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा–

उमरिया हाथी मौत
उमरिया के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में आज और तीन हाथियों की मौत होने की खबर है। कल चार जंगली हाथियों की संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी। जानकारी के अनुसार जंगल में 13 हाथियों का झुंड घूम रहा था। इसी दौरान 10 हाथियों की तबीयत बिगड़ गई और वे बेहोश होकर गिर गए। कल मौके पर पहुंचे बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के डॉक्टरों ने जांच के बाद 4 हाथियों को मृत घोषित कर दिया, जबकि आज तीन हाथियों की मौत होने की खबर आई है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक पी.के. वर्मा ने बताया कि घटना की जांच के लिए टीम बना दी गई हैं।

शाह–सीआरएस शुभारंभ
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली के जनगणना भवन में जन्म और मृत्यु के पंजीकरण की सुविधा प्रदान करने के लिए नागरिक पंजीकरण प्रणाली–सीआरएस मोबाइल एप्लिकेशन की शुरूआत की। श्री शाह ने कहा कि यह एप्लिकेशन नागरिकों को किसी भी समय, किसी भी स्थ32ान से और उनके राज्य की आधिकारिक भाषा में पंजीकरण करने की अनुमति देता है। इससे जन्म और मृत्यु के पंजीकरण को सहज और परेशानी मुक्त बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इससे पंजीकरण में लगने वाला समय काफी कम हो जाएगा और यह डिजिटल इंडिया की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी
मध्यप्रदेश कांग्रेस की कार्यकारिणी घोषित होने के दो दिन बाद कल देर रात एक और सूची जारी की गई है। इसमें पोलिटिकल अफेयर्स कमेटी–पीएसी में 25 सदस्य शामिल किए गए हैं। 84 सचिव और 36 संयुक्त सचिव भी नियुक्त किए गए हैं। पीएसी में कमलनाथ, नकुलनाथ के साथ ही दिग्विजय सिंह को शामिल किया गया है। पहली सूची में कुल 177 पदाधिकारी घोषित किए गए थे। दूसरी सूची में कुल 158 पदाधिकारी बनाए गए हैं। दोनों सूचियों को मिलाकर अब मप्र कांग्रेस कमेटी में 335 पदाधिकारी हो गए हैं।

महिला उद्यमिता मंच
योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के प्रमुख सचिव संजय कुमार शुक्ला ने बताया कि देश में तेलंगाना के बाद मध्यप्रदेश में महिला उद्यमिता मंच–डब्ल्यूईपी अध्याय की स्थापना की जाएगी। यह देश का दूसरा महिला उद्यमिता मंच होगा

समाचार संक्षेप में .....

- नर्मदापुरम जिले में लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाएगी। इस उपलक्ष्य में कल राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन हुआ। एकता दौड़ में शामिल बच्चों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गई।
- मंडला जिले के भुआ बिछिया थाना अंतर्गत भुआ बिछिया डिंडोरी मार्ग में मंगलवार शाम को भीषण हादसा टल गया। डिंडोरी से बिछिया आ रही बस अनियंत्रित होकर हलोन पुल की रेलिंग पर चढ़ गई। किन्तु बस में सवार कोई यात्री हताहत नहीं हुए।
- डॉ. मोहन यादव ने कल मंदसौर से मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत ग्वालियर जिले के एक लाख 3 हजार 577 किसानों के खातों में 20 करोड़ 72 लाख रूपए की धनराशि अंतरित की। जिले के एक दर्जन से अधिक आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।
- दीपावली त्योहार के मद्देनजर नर्मदापुरम जिले में खाद्य विभाग मिष्ठान भंडारों की लगातार जांच और कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में एसडीएम ने इटारसी की सात दुकानों में अनियमितता पाए जाने पर प्रकरण दर्ज कराए हैं। वहीं 2 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए।

—————————————